हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, बुधवार, 3 दिसंबर 2025

11 जोनल स्तरीय बाल महोत्सव में एचडी के विद्यार्थी छाए



12 निशांत व हिमांशी को मिला बेस्ट एथलीट का...



घर को बनाया मिनी शेल्टर, हर वक्त सेवा को तत्पर

# बेजुबां प्राणियों की पीड़ा को अपना दर्द समझते हैं मनजीत जिन जीवों को दुनिया ने दुत्कारा, उन्हें अपनाया

**जीवों की सेवा के लिए पूरी तरह से समर्पित हैं, अब तक असंख्य जीवों को बचाकर नया जीवन दे चुके**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

आधुनिकता के इस दौर में जहां लोग चकाचौंध और भौतिक सुखों की दौड़ में व्यस्त हैं, वहीं समाज में कुछ ऐसे भी लोग हैं जो मूक प्राणियों की पीड़ा को अपना दर्द समझकर निःस्वार्थ भाव से उनकी सेवा में जुटे हुए हैं। ऐसे ही लोगों में से एक हैं बहादुरगढ़ के मनजीत सहरावत, जिन्होंने जीव सेवा को ही अपना जीवन-ध्येय बना लिया है। अपने प्रयासों से अब तक असंख्या जीवों की जिंदगी बचाकर उन्हें नया जीवन दे चुके हैं। कम उम्र से ही मनजीत का कुत्तों के प्रति लगाव था, जो उम्र के साथ सिर्फ प्रेम तक सीमित नहीं रहा बल्कि जिम्मेदारी और सेवा भाव में बदलता गया। हर नई सेवा ने उनके इरादों को और मजबूत किया। उन्हें जीवों की पीड़ा को गहराई से समझने और उसे दूर करने का साहस दिया। मूक प्राणियों की वेदना को महसूस कर मनजीत न केवल उन्हें सहारा देते हैं बल्कि उनके उपचार से लेकर कानूनी सहायता तक हर जिम्मेदारी निभाते हैं। अच्छी पढ़ाई-लिखाई और स्थिर नौकरी के बावजूद, जहां आज के युवा स्वयं तक सीमित रहते हैं, वहीं मनजीत अपना अधिकांश समय घायलों और बेसहारा जीवों की देखभाल में लगाते हैं। दिखावे और प्रचार से दूर रहकर वे चुपचाप अपने काम में समर्पित रहते हैं। उनकी जीव सेवा की यात्रा इतनी आगे बढ़ चुकी है कि उन्होंने अपने घर को ही एक मिनी शेल्टर में बदल दिया है। जहां वर्तमान में 20 से अधिक वे देशी कुत्ते रहते हैं, जिन्हें संकट की स्थिति में लाया गया। इनमें से कई जीव पिछले एक-डेढ़ दशक से उनके पारिवारिक सदस्य बन चुके हैं। किसी भी समय सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचकर सेवा करते हैं। कई बार उन्हें लोगों के बुरे बर्ताव का सामना करना पड़ता है और रेस्क्यू के दौरान वे स्वयं घायल भी हो जाते हैं, लेकिन उनका हौसला कभी नहीं डगमगाता।

मेट्रो में कार्यरत मनजीत अपनी तनख्वाह का बड़ा हिस्सा जीवों की सेवा में खर्च करते हैं। उनकी एक आवाज पर उनके साथी भी कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हो जाते हैं। परिवार विशेषकर माता-पिता और पत्नी उनकी सबसे बड़ी ताकत हैं। मनजीत की गैर-मौजूदगी में भी वे इन जीवों की देखभाल प्रेमभाव से करते हैं। मनजीत की कोशिश रहती है कि उनकी वजह से किसी भी जीव का किसी भी तरह नुकसान न हो। इसी सोच के चलते वे कई वर्षों से दूध, पनीर और पशु-उत्पादों से पूरी तरह दूर रहकर वीगन जीवनशैली अपना चुके हैं। पशुओं से मिलने वाली हर चीज़ के पीछे हिंसा और शोषण छिपा होता है, इसलिए प्रेम और करुणा का रास्ता अपनाते हुए वे स्वयं भी इससे दूर रहते हैं तथा अन्य लोगों को भी जागरूक करते हैं।





बहादुरगढ़। एक बीमार कबूतर को दाना खिलाते मनजीत व एक बीमार जीव को दुलारते मनजीत। फोटो : हरिभूमि





बहादुरगढ़। मूक प्राणियों के बीच जीव प्रेमी मनजीत व सड़क पर जरूरतमंद जीव को संभालते मनजीत।

### इंसान की बेहतर स्थिति उसे अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी देतीः मनजीत

*जीव प्रेमी के साथ-साथ मनजीत फिटनेस एक्टिविस्ट भी हैं। उनका मानना है कि पशु-उत्पादों से सेहत नहीं, बल्कि नुकसान मिल रहा है। बीपी, कैंसर, डायबिटीज, हार्ट डिजीज सहित कई बीमारी सीधे तौर पर गलत खानपान से जुड़ी हैं। उनकी फिटनेस व एक्टिविज्म से प्रेरित होकर कई लोग पशु-हित के रास्ते पर चल रहे हैं। मनजीत का मानना है कि ईश्वर ने सभी जीवों को समान बनाया है। इंसान की बेहतर स्थिति उसे अधिकार नहीं, बल्कि जिम्मेदारी देती है कि वह दूसरे जीवों की रक्षा करे। मनजीत की जीव सेवा न केवल प्रेरक है, बल्कि यह संदेश भी देती है कि संवेदना और मानवता अभी भी ज़िंदा है।*

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में पूर्व सैनिक की मौत

**बहादुरगढ़।** गांव जसोरखेड़ी के निकट गाड़ी अनियंत्रित होकर सेप्टिक टैंकर से टकरा गई। हादसे में गाड़ी चालक बुजुर्ग की मौत हो गई। पुलिस ने शव नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। मृतक की पहचान करीब 75 वर्षीय रामचंद्र के रूप में हुई है। रामचंद्र सेक्टर 6 के रहने वाले थे। वह गाड़ी में सवार होकर सोनीपत से लौट रहे थे। जसोरखेड़ी के निकट 44 फुटा रोड पर गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क पर खड़े एक सेप्टिक टैंकर से टकरा गई। हादसे में उन्हें गंभीर चोट आई और उनकी जान चली गई।

### रेलवे स्टेशन पर मृत मिला व्यक्ति

**बहादुरगढ़।** रेलवे स्टेशन के गेट पर एक व्यक्ति मृत अवस्था में मिला। मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस ने शव नागरिक अस्पताल में रखवा दिया है। घटना मंगलवार सुबह की है। सुबह गेट के पास एक व्यक्ति अचेत अवस्था में देखा गया। किसी ने नजदीक देकर उसको देखा तो सांस थमी हुई थी। फिर पुलिस को सूचना दी। पुलिस व्यक्ति को अस्पताल लेकर गई तो मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक, अभी मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी है। हालांकि उसके पास से एक आधार कार्ड मिला है। जिसमें नाम गुलाब सिंह व पता जसिया गांव दर्ज है।

### जिले में कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन कल

**झज्जर।** जिले में फसल अवशेष प्रबंधन स्कीम 2025-26 के तहत किसानों को दी गई मशीनों का भौतिक सत्यापन वीरवार को किया जाएगा। सहायक कृषि अभियंता राजेंद्र पाल ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत जिन किसानों ने अपनी मशीनों के बिल 30 नवंबर तक विभागीय पोर्टल पर अपलोड कर दिए हैं, उनका सत्यापन जिला स्तरीय कार्यकारी कमेटी द्वारा किया जाएगा।

### रक्तदान शिविर का शुभारंभ आज

**बहादुरगढ़।** चंद्रभान मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा छुड़ानी में बुधवार को आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस कार्यक्रम की तैयारियां पूरी हो गई हैं। इस मौके पर विशाल रक्तदान शिविर लगाया जाएगा और दिव्यांगजनों के लिए निःशुल्क शिक्षा केंद्र व छात्रावास निर्माण कार्य का शुभारंभ किया जाएगा। शिविर में भारतीय सेना और एम्स के सहयोग से रक्त संग्रह होगा। ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यपाल सिंह ने बताया कि प्रस्तावित शिक्षा केंद्र में दृष्टि, श्रवण, वाणी, शारीरिक और मानसिक रूप से चुनौतीग्रस्त व्यक्तियों को निःशुल्क शिक्षा, आवास, भोजन की सुविधा रहेगी।

बच्चों में बढ़ा निमोनिया और संक्रमण का खतरा

# बढ़ती ठंड और स्मॉग स्वास्थ्य पर डाल रहा विपरीत प्रभाव

- शून्य से पांच साल तक के बच्चे खांसी-जुकाम, उल्टी-दस्त व निमोनिया की चपेट में
- नियमित ओपीडी में 60 से 80 प्रतिशत तक की वृद्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

बदलता मौसम लोगों की सेहत बिगाड़ रहा है। खास कर छोटे बच्चे सर्दी की चपेट में आ रहे हैं। बढ़ती ठंड के चलते अस्पताल की ओपीडी में इजाफा हो गया। बढ़ती ठंड और स्मॉग से बच्चों में खांसी, जुकाम, बुखार, उल्टी-दस्त व निमोनिया की शिकायत आ रही है। स्थानीय नागरिक अस्पताल की बाल रोग ओपीडी में अभिभावक अपने बच्चों को लेकर पहुंच रहे। यहां उनकी भीड़ दिखाई देती है।

अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मोहित यादव व डॉक्टर दीपक पहल ने बताया कि बदलते मौसम के चलते बच्चों की ओपीडी में इजाफा हुआ है। बच्चे खांसी, जुकाम व निमोनिया की चपेट में आ रहे हैं। पहले के समय जहां नियमित पचास से साठ बच्चे उपचार के लिए आते थे वही अब यह संख्या एक सौ का आकंड़ा पार कर चुकी है।

खासकर नवजात शिशु से लेकर पांच वर्ष तक के बच्चे सर्दी का शिकार हो रहे हैं। उनमें सांस लेने की परेशानी, छाती में संक्रमण का शिकार हो रहे हैं। वे उपचार के साथ-साथ अभिभावकों को बच्चों को सर्दी से बचाए रखने के उपायों की जानकारी भी दे रहे हैं।



झज्जर। बाल रोग ओपीडी के बाहर अपने बच्चों के साथ उपस्थित अभिभावक। फोटो : हरिभूमि



झज्जर। बच्चों की सेहत जांचते हुए बाल रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मोहित यादव।

### बच्चों को सर्दी से बचाने के लिए करें ये उपाय

शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टर मोहित यादव ने बताया कि छोटे बच्चों के चंचल स्वभाव के चलते वे इंफेक्शन की चपेट में आ सकते हैं। ऐसे में अभिभावकों को उनका ख्याल रखना होगा। अभिभावकों को चाहिए कि वे अपने बच्चों को पूरी बाजू के कपड़े पहना कर रखें। उनके पांव व सिर को भी ढंक कर रखें। पांव में जुराब व सिर पर टोप पहनाकर ही बच्चों को घर से बाहर निकलने दें। उन्हें पानी में खेलनें से रोकें। इस मौसम में बच्चों को सांस लेने में भी परेशानी आ सकती है। यदि सांस लेने की गति 50 से 60 तक हो तो उसे संक्रमण रोकने की दवा व नियमित भाप देना आवश्यक है। इसके लिए तुरंत चिकित्सक को दिखाना चाहिए।





बहादुरगढ़। अमन को न्याय दिलाने के लिए निकाला जा रहा कैंडल मार्च। फोटो : हरिभूमि

# अमन को न्याय दिलाने के लिए निकाला कैंडल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

बास्केटबॉल प्लेयर अमन को न्याय दिलाने की मांग लगातार तेज हो रही है। इसी कड़ी में मंगलवार शाम हरियाणा युवा कांग्रेस सहित विभिन्न संगठनों व आम नागरिकों ने शांतिपूर्ण कैंडल मार्च निकालकर दिवंगत खिलाड़ी को श्रद्धांजलि दी। मार्च का नेतृत्व युवा कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष निशित कटारिया ने किया। अमन के परिजन भी मोमबत्तियां हाथ में लेकर शामिल हुए और न्याय के लिए अपनी आवाज बुलंद की।

कैंडल मार्च स्टैंडर्ड स्वीट्स लाल चौक से शुरू होकर रेलवे रोड से होते हुए ब्रिगेडियर होशियार सिंह स्टेडियम तक उसी स्थान पर पहुंचा, जहां कुछ दिन पहले बास्केटबॉल पोल गिरने से अमन की जान चली गई थी। यहां कैंडल जाए गए। मार्च में शामिल लोगों ने कहा कि हादसा स्टेडियम की बदहाल व्यवस्था और गंभीर लापरवाही का परिणाम है। मार्च के दौरान निशित कटारिया ने कहा कि अमन एक प्रतिभाशाली खिलाड़ी और परिवार का इकलौता बेटा था। स्टेडियम में रखरखाव की गंभीर लापरवाही ने उसकी जान ले ली। घायल अमन को समय पर सही चिकित्सा नहीं मिली और पीजीआई रोहतक में उपचार में देरी ने हालात और बिगाड़ दिए। कटारिया ने सरकार से मांग की कि स्टेडियम के जिम्मेदार कर्मचारियों और इलाज में लापरवाही बरतने वाले डॉक्टरों के खिलाफ तुरंत एफआईआर दर्ज की जाए।

अमन के पिता सुरेश, मां कांता देवी और दादी ओमपति ने कहा कि वे किसी मुआवजे की मांग नहीं कर रहे, उन्हें केवल न्याय चाहिए। शिकायत देने के बावजूद प्रशासन ने अब तक कोई कदम नहीं उठाया, जबकि जिम्मेदार लोगों को सजा मिलना आवश्यक है। युवा कांग्रेस के प्रदेश मीडिया चेयरमैन प्रदीप यादव ने भी घटना को गंभीर लापरवाही का परिणाम बताते हुए दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। उन्होंने सरकार से अमन के परिवार के एक सदस्य को नौकरी देने और 5 करोड़ रुपये का मुआवजा देने की बात कही।



बहादुरगढ़। अमन को श्रद्धांजलि अर्पित करते परिजन व अन्य नागरिक।

### पुलिस ने एक महीने में काटे 3474 चालान



**बहादुरगढ़।** नियमों की अनदेखी करने वाले चालकों पर पुलिस द्वारा सख्ती बरती जा रही है। झज्जर पुलिस ने नवंबर माह में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 3474 वाहन चालकों के चालान काटे। आंकड़ों के अनुसार, डेंजर ड्राइविंग करने पर 200, गलत दिशा में वाहन चलाने पर 493 और सार्वजनिक स्थानों पर गलत पार्किंग पर 1188 चालान काटे गए। बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 138 और बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वाले 105 चालकों को दंडित किया गया। इसके अलावा शराब के नशे में वाहन चलाने पर 59 चालान और बिना या गलत नंबर प्लेट वाले 184 वाहन चालकों पर कार्रवाई की गई। पुलिस कमिश्नर डॉ. राजश्री सिंह ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में मौतों को रोकना पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वाहन चलाते समय नियमों का पालन करें, दोपहिया वाहन पर हेलमेट और चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट पहनें तथा शराब पीकर वाहन न चलाएं। यह अभियान जिले में सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात सुनिश्चित करने के लिए जारी रहेगा।

### बीते माह यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 3474 वाहन चालकों के किए चालान

**झज्जर।** जिला पुलिस द्वारा यातायात व्यवस्था को दुरूस्त करने को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत बीते नवंबर माह में यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले 3474 वाहन चालकों के चालान किए गए है। प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस कमिश्नर डॉक्टर राजश्री सिंह के निर्देशानुसार चलाए गए अभियान के तहत बीते नवंबर माह में यातायात नियमों की अवहेलना करने पर कुल 3474 चालान किए गए है। उन्होंने बताया कि डेंजर ड्राइविंग के दो सौ, गलत दिशा में वाहन चलाने पर 493 और सार्वजनिक स्थानों पर गलत ढंग से वाहन खड़े करने पर 1188 वाहन चालकों के चालान किए गए है। इसके अलावा बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 138 और बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन चलाने वाले 105 चालकों पर जुर्माना लगाया गया है। उन्होंने बताया कि शराब पीकर वाहन चलाने वाले 59 वाहन चालकों और बिना नंबर प्लेट वाहन चालने वाले 184 वाहन चालकों के चालान किए गए है।

### आरोपी ने केस दर्ज कराने वालों पर ही लगाए मारपीट व लूटपाट के आरोप

**बहादुरगढ़।** बालोर बाईपास पर दुल्हा-दुल्हन की गाड़ी को टक्कर मारने के मामले में नया मोड़ आया है। मामले में आरोपी युवक ने खुद पर लगे तमाम इलजामों को गलत व झूठा बताया है। साथ ही ये कहा है कि सड़क किनारे गाड़ी में शराब पी रहे युवकों ने ही उसके साथ मारपीट और लूटपाट की। फिर अपना अपराध छिपाने के मकसद से मुझ पर झूठा केस दर्ज कराया और वीडियो वायरल की है।

- कहा, आरोपियों ने अपना अपराध छिपाने के लिए मुझ पर झूठी एफआईआर कराई
- मारपीट कर मुझ से रुपये, मोबाइल व आभूषण छीने

बालोर के निवासी प्रिंस का कहना है कि 29 नवंबर की रात को वह गुरुग्राम में आयोजित समारोह से लौट रहा था। तड़के करीब साढ़े तीन बजे एक्सप्रेस वे से हाइवे यानी बालोर बाइपास पर उतरा तो वहां कुछ गाड़ियों में करीब डेढ़ दर्जन लोग शराब पी रहे थे। मैंने उन्हें रास्ते से हटने के लिए कहा तो मारपीट शुरू कर दी। ईंट, पत्थर और रॉड आदि से मुझ पर बेरहमी से वार किए और गाड़ी भी तोड़ दी। इतना ही नहीं मोबाइल, 55 हजार रुपये, सोने की चेन व अंगूठी तक निकाल ली। बचाव के लिए मैंने हाइवे पर खड़े होकर अन्य राहगीरों को रोकना चाहा लेकिन किसी ने मदद नहीं की। इसी घटना की हमलावरों ने वीडियो बनाकर वायरल कर दी। मुझ पर दूल्हा-दुल्हन की गाड़ी को टक्कर मारने जैसे आरोपों में केस दर्ज करा दिया। मुझे तीन दिन बाद होश आया और मामले का पता चला। आरोपियों ने अपना क्राइम छिपाने के लिए मुझ पर झूठा केस दर्ज कराया है। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। उधर, सदर थाना प्रभारी नरेश कुमार कुमार ने कहा कि दूसरे पक्ष के लोग आए जरूर थे। अभी हमें लिखित में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है।





बहादुरगढ़। पोल से टकराई कार। फोटो : हरिभूमि

### सराय में पोल से टकराई रफ्तारी कार

**बहादुरगढ़।** गांव सराय औरंगाबाद में एक गाड़ी बिजली के पोल से टकरा गई। इस दौरान गाड़ी से निकलकर दो युवक भाग गए, जबकि एक युवक को पुलिस तथा लोगों ने पकड़ लिया। घटना मंगलवार दोपहर की है। दरअसल, कुछ लोग काले रंग की गाड़ी का पीछा कर रहे थे। इसी दौरान सराय औरंगाबाद में यह घटना हुई। मामले में तरह तरह की चर्चा सामने आ रही है। कोई गाड़ी चोरी की बता रहा है तो किसी ने तर्क दिया कि यह गाड़ी दिल्ली से किराये पर ली गई थी लेकिन वापस नहीं लौटाई गई। गाड़ी पर नंबर प्लेट न होना भी कई तरह की आशंका पैदा कर रहा है। बहरहाल, मामले में स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस जांच के बाद ही खुलासा हो सकेगा।

# ताइवान में छाई बहादुरगढ़ की तुरिया अहलावत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



- फेस ऑफ ब्यूटी इंटरनेशनल में फर्स्ट रनरअप बनकर बढ़ाया भारत का मान

शहर की निवासी तुरिया अहलावत ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का नाम रोशन किया है। ताइवान में हुए फेस ऑफ ब्यूटी इंटरनेशनल कांटेस्ट में उन्होंने फर्स्ट रनरअप का खिताब जीतकर देश का परचम लहराया। यह प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता 30 नवंबर को ताइवान के ताइचुंग शहर में हुई थी। इसमें भारत, जापान, अमेरिका, कोरिया, मलेशिया, बेल्जियम, ब्राजील, स्विट्ज़रलैंड, फिनलैंड, न्यूजीलैंड, फ्रांस, नीदरलैंड, रूस और कजाखस्तान सहित कई देशों की सुंदरियों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच तुरिया की सुंदरता, आत्मविश्वास और बेहतर कौशल ने उन्हें अंतिम राउंड तक पहुंचाया और अंततः फर्स्ट रनरअप का ताज उनके नाम हुआ।

करीब 21 वर्षीय तुरिया अहलावत, मूल रूप से झज्जर जिले के गांव डीघल की रहने वाली हैं। फिलहाल परिवार के साथ बहादुरगढ़ के टाटा न्यू हेवन में रहती हैं। पढ़ाई में भी होनहार तुरिया हिसार स्थित अग्रसेन मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस सेकंड ईयर की छात्रा हैं। डॉक्टर बनने के सपने के साथ-साथ वह मॉडलिंग में भी अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन कर रही हैं। तुरिया इससे पहले भी अपनी पहचान बना चुकी हैं। उन्होंने चार अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित रूबरू मिस इंडिया एलीट का खिताब जीता था।

इसी जीत के बाद उन्हें ताइवान में भारत का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला। बेटी की इस उपलब्धि पर पिता अशोक अहलावत और मां सोनिया अहलावत ने गर्व व्यक्त किया। वहीं, रूबरू के फाउंडर संदीप कुमार ने कहा कि तुरिया बेहद प्रतिभावान हैं और उनका भविष्य उज्ज्वल है। तुरिया की प्रतिभा के चलते इस तरह के कांटेस्ट में 23 साल में पहली बार भारत ने टॉप थ्री में जगह बनाई है।



# कोरिया में 8 दिसंबर को रिलीज होगी लव इन वियतनाम...

**मुंबई।** शांतनु माहेश्वरी और अवनीत कौर स्टारर 'लव इन वियतनाम' चार महीने पहले अगस्त में भारत में रिलीज हुई थी। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई थी। अब भारत के बाद 'लव इन वियतनाम' कोरिया में रिलीज होने वाली है। राहत शाह काजमी द्वारा निर्देशित 'लव इन वियतनाम'8 दिसंबर को कोरिया में रिलीज होने वाली है। यह फिल्म भारत में 12 सितंबर को रिलीज हुई थी। यह सबाहतिन अली के सबसे ज्यादा बिकने वाले उपन्यास 'मैडोना इन अ फर कोट'से प्रेरित एक दिल दहला देने वाली प्रेम कहानी है। यह हिंदी सिनेमा में भारत-वियतनाम के बीच पहला सहयोग है। लव इन वियतनाम के कोरिया में रिलीज होने पर फिल्म की कास्ट ने खुशी जताई।

लाइफ Style



# एला

## खूबसूरत लुक से लूटी लाइमलाइट

एजेंसी ▶▶ पेरिस

पेरिस में हर साल 'ले बाल डेस डेब्यूटेंट्स' आयोजित होता है, जिसे ले बाल भी कहा जाता है। यह एक सालाना फैशन इवेंट हैं, जहां दुनियाभर के प्रतिष्ठित व शाही परिवारों की बेटियां डेब्यू करती हैं। इस साल एला वाडिया ने उपस्थिति दर्ज कराई और अपने लुक से इस इवेंट में छा गईं।

फैशन इवेंट 'ले बाल' हर साल नवंबर में पेरिस में आयोजित होता है। यहां दुनियाभर के फिल्म, राजनीति, बिजनेस व अन्य प्रतिष्ठित घरानों की बेटियां इंटरनेशनल सोसाइटी के सामने औपचारिक रूप से रूबरू होती हैं। यह सिर्फ फैशन से जुड़ा इवेंट नहीं है, बल्कि इसका ताल्लुक पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा और प्रतिष्ठा से भी है। इस बार भारतीय एला वाडिया ने भी इवेंट में उपस्थिति दर्ज कराई और छा गईं। पेरिस के इस इवेंट में भारतीय नाम एला वाडिया की चर्चा हो रही है। मगर, उनका कनेक्शन मोहम्मद अली जिन्ना से है। बता दें कि एला वाडिया भारत के प्रतिष्ठित बिजनेस घराने वाडिया ग्रुप से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता जहांगीर वाडिया का ताल्लुक बॉम्बे डाइंग, बॉम्बे रियलिटी और गो फर्स्ट जैसी कंपनियों से रहा है। वहीं, मां सेलीना वाडिया फैशन डिजाइनर हैं। एला वाडिया अगर भारत के वाडिया ग्रुप से ताल्लुक रखती हैं तो मोहम्मद अली जिन्ना से उनका कनेक्शन कैसे हुआ? इसका जवाब यह है कि जिन्ना की बेटी दीना जिन्ना ने नेविल वाडिया से शादी की थी। उनके बेटे नुस्ली वाडिया हुए। नुस्ली वाडिया ग्रुप के चेयरमैन हैं। उनके दो बेटे-नेस वाडिया और जहांगीर वाडिया हैं।

हॉलीवुड मसाला



# बॉक्स ऑफिस पर सबसे बड़ा सम्राट

**नई दिल्ली।** जेम्स कैमरून अकेले ऐसे निर्देशक हैं जिनकी दो फिल्मों ने दुनिया के बॉक्स ऑफिस पर नंबर 1 का ताज पहना, टाइटैनिक और अवतार. नोलन की फिल्मों ने भी शानदार सफलता हासिल की है, लेकिन कैमरून की फिल्मों का प्रभाव ऐसा है जिसके सामने हर रिकॉर्ड छोटा पड़ जाता है। वे सिर्फ फिल्में नहीं बनाते, वे बॉक्स ऑफिस की दिशा बदल देते हैं। नोलन कहानी और संरचना के उस्ताद हैं, लेकिन कैमरून ने सिनेमा की तकनीक का भविष्य गढ़ा है।



# मिसेज देशपांडे का ट्रेलर रिलीज...

**मुंबई।** एक्ट्रेस माधुरी दीक्षित अपने नए शो 'मिसेज देशपांडे' के साथ ओटीटी पर आने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। नागेश कुकुनूर के निर्देशन में बना शो 'मिसेज देशपांडे' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर में दिखाया गया है कि माधुरी दीक्षित का किरदार कुछ लोगों को रस्सी के जरिए मार देता है। पुलिस केस की जांच करती है और कहती है कि इन लोगों को नायलॉन की रस्सी से मारा गया है और शीशे के सामने बॉडी को रखा गया है। लगता है 25 साल पहले वाली कोई सीरियल किलर है। ट्रेलर में पुलिस माधुरी से पूछताछ करती हैं। माधुरी कहती हैं, मैं यहां अंदर हूं। इसका मतलब कोई बाहर है, जो मेरी नकल कर रहा है। इसके बाद माधुरी पुलिस वाले से डील करती हैं। वह कहती हैं आपको मेरी मदद की जरूरत है लेकिन मुझे बदले में कुछ चाहिए।



# धुरंधर के टाइटल ट्रैक पर किया धांसू डांस

**मुंबई।** मुंबई में सोमवार को रणवीर सिंह की आने वाली फिल्म 'धुरंधर' का म्यूजिक एल्बम लॉन्च हुआ। इस मौके पर रणवीर ने फिल्म के टाइटल ट्रैक पर मंच पर खूब डांस किया और अपनी धमाकेदार एनर्जी से सबको हैरान कर दिया। रणवीर का यह वीडियो फैंस को काफी पसंद आ रहा है। इस कार्यक्रम में रणवीर के साथ अभिनेत्री सारा अर्जुन और रैपर-गायक हनुमानकाइंड भी मौजूद थे। रणवीर पूरे काले कपड़ों में थे और बहुत स्टाइलिश लग रहे थे। जैसे ही टाइटल ट्रैक बजा, वे मंच पर नाचने लगे और दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। यह गाना हनुमानकाइंड और जैस्मीन सैंडलस ने गाया है। रणवीर का यह डांस सोशल मीडिया पर फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। फैंस ने सोशल मीडिया पर रणवीर की तारीफों के पुल बांधे हैं।



# शादी के 7 साल पूरे होने का मनाया जश्न

**लॉस एंजिल्स।** देसी गर्ल प्रियंका चोपड़ा और निक जोनस की शादी को 7 साल बीत चुके हैं। मंगलवार को प्रियंका और निक की वेडिंग एनिवर्सरी थी। इस खास मौके पर निक ने प्रियंका की एक हॉट तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की और एक खास नोट भी लिखा। इसमें प्रियंका समुद्र किनारे लेटी हुई हैं, पीठ कैमरे की तरफ है। निक ने लिखा, 'मेरी ड्रीम गर्ल से शादी को 7 साल हो गए।' कथित तौर पर प्रियंका और निक की लव स्टोरी की शुरुआत ट्विटर से हुई थी। दरअसल, निक ने ट्विटर (एक्स) पर प्रियंका को मैसेज भेजा था। फिर दोनों मैसेज करने लगे। साल 2017 में पहली बार वैनिटी फेयर ऑस्कर पार्टी में मिले। इसके बाद 2017 के मेट गाला में साथ रेड कार्पेट पर नजर आए। 2018 में इनकी डेटिंग की खबरें आईं।

टीवी मसाला



# 7वें सीजन के साथ लौट रहा एकता का सुपर नेचुरल शो नागिन...

**नई दिल्ली।** एक और मजेदार ड्रामा के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि एकता कपूर का मोस्ट अवेटेड शो नागिन सातवें सीजन के वापस आ रहा है। जिसमें प्रियंका चाहर चौधरी को रहस्यमयी नागिन का रोल निभाने के लिए लिया गया है। 29 साल की एक्ट्रेस को बिग बॉस सीजन 16 में सेकंड रनर-अप रहने के बाद पहचान मिली थी। प्रियंका से पहले नागिन का आइकॉनिक रोल मौनी रॉय, सुरभि ज्योति, निया शर्मा, सुरभि चंदना और तेजस्वी प्रकाश ने किया था। इस शो को दर्शकों ने बहुत पसंद किया है और अब एकता कपूर के शो का 7वां सीजन फिर से भरपूर एंटरटेनमेंट करने के लिए तैयार है। हिंदी सोप-ओपेरा का सातवां सीजन 27 दिसंबर से कलर्स टीवी चैनल पर हर शनिवार और रविवार रात 8 बजे एयर होना शुरू होगा। नागिन सीजन 7 उसी तारीख को उसी समयजियोहॉटस्टार पर रिलीज किया जाएगा। सीजन 7 इस दिसंबर में अपना जादू चलाने के लिए तैयार है। नागिन सीजन 7 के लेटेस्ट प्रोमो में प्रियंका चाहर चौधरी को एक मासूम औरत से रूप बदलने वाली नागिन में बदलते हुए दिखाया गया है। कहानी महाकुंभ मेले पर सेट है, जो एक आने वाले 'महायुद्ध' (बड़े युद्ध) का इशारा देती है। जहां ईशा सिंह का कैरेक्टर प्रियंका के साथ नाग मंदिर को घूरता हुआ दिखाई देता है, जिसका डुअल-लुक सामने आता है, वहीं करण कुंद्रा का कैरेक्टर चेतावनी देता है कि तबाही शुरू हो गई है।

## मैं शेर नहीं जंगल का मालिक हूं : गौरव



**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 अब खत्म होने जा रहा है। शो का फिनाले 7 दिसंबर को होने वाला है, जिसमें पता चल जाएगा कि इस साल बिग बॉस की ट्रॉफी कौन अपनो घर लेकर जाने वाला है। शो के फिनाले वीक में मीडिया कंटेस्टेंट से मिलने के लिए आती है जिसमें पूरे सीजन के तीखे सवाल उनसे पूछे जाते हैं। इस सीजन में मीडिया एपिसोड में कुछ ऐसा हुआ है, जो आजतक बिग बॉस की हिस्ट्री में नहीं हुआ है। गौरव खन्ना कहते हैं, 'अगर मैं जनता के प्यार से विनर बन गया तो मैं आपको बता रहा हूं शायद आप न माने, ये बहुत से लोगों के लिए इंस्पिरेशन रहेगा कि आप बिना गाली-गलौज किए, बिना गलत स्टैंड लिए भी शो जीत सकते हैं। अगर मैं अभिनय कर रहा हूं तो मुझे ऑस्कर दिया जाए। कोई भी एक्टर ऐसे शो में 24 घंटे इस तरह से एक्टिंग नहीं कर सकता है। ये बात मैं नहीं हमारे शो के सुपरस्टार सलमान सर हैं, उन्होंने ही बोला है। हैट्स ऑफ इस लड़के को अगर ये एक्टिंग है। मैं शेर नहीं, उस जंगल का मालिक हूं, जिसमें शेर छुपकर घूमते हैं।' गौरव का ये जवाब सुनकर रिपोर्ट्स उनके लिए ताली बजाने लगते हैं।

# राजासाब से बोमन का हाथ में छड़ी तिरछी नजर और इंटेंस लुक आउट

**नई दिल्ली।** हॉरर फैंटेसी फिल्म 'द राजासाब' के मेकर्स ने बोमन ईरानी के जन्मदिन पर उनका एकदम नया लुक पोस्टर दिखाया, जो इंडियन सिनेमा के सबसे वर्सेटाइल परफॉर्मर्स में से एक को ट्रिब्यूट है। मारुति के डायरेक्शन में बनी 'द राजासाब' एक आने वाली तेलुगु फिल्म है जिसमें प्रभास लीड रोल में हैं और यह जनवरी 2026 में संक्रांति के त्योहार के मौसम में थिएटर में रिलीज होगी। द राजासाब में बोमन ईरानी एक साइकेट्रिस्ट, हिप्नोटिस्ट और पैरानॉर्मल इन्वेस्टिगेटर का रोल निभा रहे हैं। यह एक ऐसा कैरेक्टर है जो इंटेलेक्चुअल और मिस्टीसिज्म से भरा हुआ है। फिल्म के ट्रेलर में पहले ही दिखाया गया है कि वह प्रभास के हीरो को हिप्नोसिस में डालते हैं, जिससे कहानी का पहला बड़ा ट्विस्ट आता है और कहानी की इमोशनल पल्स शुरू होती है। राजासाब को पीपल मीडिया




फैक्ट्री और आईवीवाई एंटरटेनमेंट ने प्रोड्यूस किया है। फिल्म में मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल, रिद्धि कुमार और संजय दत्त भी हैं। यह फिल्म 9 जनवरी, 2026 को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में रिलीज होगी।

# वो पांच अभिनेत्रियां, जिन्होंने अपनी सहेली के पति से रचाया विवाह

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड में कई ऐसी लव स्टोरीज हुई हैं जो दोस्ती से प्यार में बदल गईं, लेकिन कुछ मामलों में ये विवादों का कारण भी बनीं। यहां हम बात कर रहे हैं उन पांच एक्ट्रेस की, जिन्होंने अपनी करीबी सहेली के पति से शादी की। बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों ने अपनी सहेली के पति से शादी रचाई है, भले ही वो उनकी दूसरी बीवी कहलाईं। इस लिस्ट में पांच अभिनेत्रियों के नाम शामिल हैं, जिनके बारे में सुनकर आपको जरूर हैरानी होगी। ये बॉलीवुड की सबसे कंट्रोवर्शियल लव स्टोरीज में से एक हैं, जिनके बारे में जानकर आपको हैरानी जरूर होगी।

***हंसिका मोटवानी*** : टीवी, साउथ और बॉलीवुड फिल्मों में काम कर चुकीं हंसिका ने 2022 में बिजनेसमैन सोहेल कठूरिया से शादी की। लेकिन शादी से पहले ये खबरें आईं कि सोहेल उनकी दोस्त रिंकी बाजाज के पहले पति थे। रिंकी के साथ उनकी दोस्ती टूट गई और ये मामला काफी चर्चा में रहा। हालांकि, हाल ही में रिपोर्ट्स में उनकी शादी में दरार और उनके अलग रहने की अफवाहें सामने आई थीं।





***शिल्पा शेट्टी*** : फिटनेस फ्रीक शिल्पा शेट्टी ने 2009 में राज कुंद्रा से शादी की। राज पहले कविता कुंद्रा से शादीशुदा थे, जो शिल्पा की अच्छी दोस्त थीं। तलाक के बाद राज और शिल्पा ने शादी की, जिससे बॉलीवुड में खूब गॉसिप हुई। आज दोनों खुशहाल हैं और दो बच्चों के माता-पिता हैं।

***अमृता अरोड़ा*** : *मलाइका अरोड़ा की बहन अमृता ने 2002 में बिजनेसमैन शकील लदाक से शादी की। शकील पहले निशा राणा से शादीशुदा थे, जो अमृता की क्लोज फ्रेंड थीं। तलाक के बाद अमृता ने शकील से शादी की। ये जोड़ी आज भी स्ट्रॉन्ग है। शकील की नेट वर्थ करीब 87 करोड़ रुपये बताई जाती है।*

***सोनिया कपूर*** : *टीवी एक्ट्रेस सोनिया कपूर ने 2018 में हिमेश रेशमिया से शादी की। हिमेश पहले कोमल से शादीशुदा थे, और कोमल सोनिया की अच्छी सहेली थीं। 2017 में हिमेश-कोमल का तलाक हुआ, उसके बाद सोनिया ने हिमेश से शादी की। इस शादी ने भी काफी सुर्खियां बटोरीं।*

***रवीना टंडन*** : *रवीना ने 2004 में फिल्ममेकर अनिल थडानी से शादी की। अनिल पहले नताशा सिप्पी से शादीशुदा थे, जो बॉलीवुड प्रोड्यूसर रोमू सिप्पी की बेटी और रवीना की बेस्ट फ्रेंड थीं। रवीना और अनिल की मुलाकात फिल्म 'स्टंप्ड' के सेट पर हुई, और अनिल के तलाक के बाद दोनों ने शादी कर ली।*

## पहली बार किसी रीजनल भाषा की फिल्म ने छुई हैं इतनी ऊंचाइयां

# रिलीज से पहले ही इस सस्पेंस थ्रिलर ने कमाए 350 करोड़

*नई दिल्ली। बॉक्स ऑफिस पर कमाई की तय करती है कि कोई फिल्म सक्सेसफुस हुई या नहीं। हालांकि, बॉक्स ऑफिस पर सफल होने के लिए पहले फिल्म को थिएटर्स में रिलीज होना पड़ता है, जिसके बाद ऑडियंस फिल्म देखती है और अगर फिल्म अच्छी निकली तब ज्यादा से ज्यादा दर्शक उसे देखने आते हैं। लेकिन, एक फिल्म ऐसी भी है जिस पर लोग आंख मुंदकर भरोसा कर रहे हैं, वो भी इतना कि अभी इस फिल्म का एक सीन भी शूट नहीं हुआ है और इसने बिना रिलीज हुए ही 350 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है।*

### लोका : चैप्टर 1 को छोड़ा पीछे

यह एक मलयालम फिल्म है जिसकी शूटिंग अभी शुरू भी नहीं हुई है और इसने पहले ही 350 करोड़ रुपए की जबरदस्त कमाई कर ली है। यह फिल्म है दृश्यम 3 जो सबसे सफल सिनेमाई फ्रेंचाइजी में से एक का आखिरी चैप्टर है, जिसका सबको इंतजार था और इसकी प्री-रिलीज कमाई ने अब हाल की कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है, जिसमें मशहूर लोकाः चैप्टर 1 भी शामिल है।

### दृष्यम 3 को लेकर बढ़ा क्रेज

मोहनलाल और जीतू जोसेफ दृष्यम 3 को लेकर वापस आ गए हैं और फिल्म को लेकर उम्मीदें बढ़ गई हैं, खासकर प्रोड्यूसर एम रंजीत के एक चौंकाने वाले खुलासे के बाद। फिल्म के बारे में बात करते हुए, रंजीत ने कन्फर्म किया कि प्रोजेक्ट ने प्री-रिलीज बिजनेस में पहले ही 350 करोड़ रुपए कमा लिए हैं। उन्होंने बताया कि प्रोड्यूसर कुमार मंगत पाठक और अभिषेक पाठक के पैनोरमा स्टूडियोज ने फिल्म के थिएट्रिकल, ओवरसीज और डिजिटल राइट्स के साथ-साथ हिंदी वर्जन बनाने के राइट्स भी खरीद लिए हैं। इस डील ने मलयालम इंडस्ट्री में एक नया बेंचमार्क सेट किया है, यह पहली बार है जब किसी रीजनल भाषा की फिल्म ने बिना फुटेज, टीजर या स्टिल्स के इतनी ऊंचाइयां छुई हैं।

### कहानी कहने का एक कल्चरल सिंबल बन गई



बारह सालों में दृश्यम एक मामूली बजट वाली सस्पेंस ड्रामा से मलयालम कहानी कहने का एक कल्चरल सिंबल बन गई है। पहली फिल्म ने 100 करोड़ रुपए से ज्यादा कमाए, दूसरी ने महामारी को हराकर 350 करोड़ रुपए का आंकड़ा छुआ और तीसरी ने एक भी फ्रेम कैप्चर होने से पहले ही रिकॉर्ड बना दिए। अब सबसे बड़ा सस्पेंस बॉक्स ऑफिस नंबर्स में नहीं, बल्कि कहानी में है, कौन सी कहानी उन उम्मीदों के लेवल से मेल खा सकती है जो उसने पहले ही जगा दी हैं? सिर्फ जीतू जोसेफ और मोहनलाल के पास स्क्रिप्ट है और देश भर के दर्शक यह देखने का इंतजार कर रहे हैं कि आखिरी चैप्टर कैसे सामने आएगा।

### रिलीज से पहले मचाई हलचल

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक दृश्यम 3 ने शूटिंग शुरू होने से पहले ही 350 करोड़ रुपए के क्लब में एंट्री कर ली है। एक प्रोजेक्ट जो अभी भी प्रोडक्शन स्टेज में है, इस कामयाबी ने फिल्म ट्रेड और फैंस दोनों में हलचल मचा दी है। जो बात इस कामयाबी को और भी खास बनाती है, वह है वह सफर जिसने इस फ्रेंचाइजी को यहां तक पहुंचाया। जब दृश्यम पहली बार 2013 में रिलीज हुई थी, तो यह सिर्फ 3 करोड़ रुपए में बनी एक छोटी मलयालम थ्रिलर के तौर पर आई थी। पहली फिल्म से यह दर्शको के बीच एक पसंदीदा थ्रिलर बन गई और इसके दूसरे पार्ट को भी अपार सफलता मिली।

### हिंदी वर्जन में की धांसू कमाई

जीतू जोसेफ के डायरेक्शन में बनी और मोहनलाल और मीना स्टारर यह फिल्म जल्द ही पूरे देश में सेंसेशन बन गई, यहां तक कि जापान में भी इसके बहुत सारे फैंस बन गए। इसकी दिलचस्प कहानी ने जल्द ही तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और हिंदी में रीमेक बनाने की प्रेरणा दी। जीतू जोसेफ ने खुद कमल हासन के साथ तमिल अडैप्टेशन डायरेक्ट किया, जबकि श्रीप्रिया ने तेलुगु वर्शन की जिम्मेदारी संभाली, पी वासु ने कन्नड़ रीमेक को डायरेक्ट किया और स्वर्गीय निशिकांत कामत ने अजय देवगन और श्रेया सरन स्टारिंग हिंदी एडिशन को डायरेक्ट किया। अकेले हिंदी वर्जन ने लगभग 1,800 करोड़ रुपए कमाए, जिससे इस फ्रैंचाइजी की पहचान भारत की सबसे मजबूत स्टोरीटेलिंग एक्सपोर्ट्स में से एक के तौर पर पक्की हो गई।

*हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् द्वारा रोहतक में आयोजित जोनल स्तरीय बाल महोत्सव*

# जोनल स्तरीय बाल महोत्सव में एचडी के विद्यार्थी छाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

हरियाणा राज्य बाल कल्याण परिषद् द्वारा रोहतक में आयोजित जोनल स्तरीय बाल महोत्सव में एचडी स्कूल साल्हावास के विद्यार्थियों ने 16 में से 13 प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट स्थान हासिल कर संस्थान का नाम रोशन किया है। एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि बाल कल्याण परिषद् चंडीगढ़ द्वारा इस प्रतियोगिता में रोहतक, झज्जर, सोनीपत, भिवानी व चरखी दादरी जिले के विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस दौरान उनके संस्थान के विद्यार्थियों ने पांच प्रतियोगिताओं में प्रथम, तीन स्पर्धाओं में द्वितीय और पांच प्रतियोगिताओं में तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल के दूसरे, तीसरे व चौथे ग्रुप के समूह गान ने जोनल स्तर पर प्रथम स्थान हासिल किया। उन्होंने बताया कि छठी से आठवीं



झज्जर। समूह नृत्य की प्रस्तुति देते हुए छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

कक्षा तक के ग्रुप ने क्विज प्रतियोगिता में और नौवीं व दसवीं के ग्रुप ने समूह नृत्य में प्रथम स्थान प्राप्त किया। ग्रुप-4 का वन एक्ट प्ले, गुप-2 का एकल गान व समूह नृत्य मंडल स्तर पर द्वितीय रहा। ग्रुप-1 का समूह नृत्य व एकल नृत्य, ग्रुप-3 का एकल नृत्य व क्लासिकल नृत्य और ग्रुप-4 ने एकल गान स्पर्धा में तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया, सचिव विशाल नेहरा, हेमंत गुलिया व प्राचार्य सतबीर सिंह ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने विद्यार्थियों की तैयारी कराने वाले शिक्षक एक्टिविटी इंचार्ज कमलेश ढिल्लों, रवि कुमार, वीरेंद्र कुमार व मनोज शर्मा के प्रयासों की सराहना भी की।

## जोनल स्तरीय प्रतियोगिता में संस्कारम के विद्यार्थियों ने जीते 11 मेडल

**झज्जर।** संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास के विद्यार्थियों ने हाल ही में आयोजित बाल भवन की जोनल स्तरीय प्रतियोगिताओं में कला, संगीत और अभिनय क्षेत्र में ग्यारह पदक जीत कर संस्थान का गौरव बढ़ाया है। विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लेते हुए जहां विद्यार्थियों ने चार गोल्ड मेडल जीते वहीं चार सिल्वर व तीन ब्रांज मेडल हासिल किए। तीसरी से पांचवीं, नौवीं से दसवीं और ग्यारहवीं से बारहवीं कक्षा के ग्रुप डांस तथा छठी से आठवीं के वन एक्ट प्ले में गोल्ड मेडल जीता। इनके अलावा पहली से पांचवीं, छठी से आठवीं, नौवीं से दसवीं और सोलो क्लासिकल स्पर्धा में सिल्वर मेडल तथा छठी से आठवीं, ग्यारहवीं से बारहवीं के ग्रुप सांग और ग्यारहवीं से बारहवीं कक्षा तक के सोलो डांस में उनके संस्थान के विद्यार्थियों ने ब्रांज मेडल हासिल किया। संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने सभी विजेता विजेता विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि उनके सर्वांगीण विकास के प्रति स्कूल की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।



# विद्यार्थियों ने डीसी को भेंट किया हस्तनिर्मित स्कैच



झज्जर। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल को उनका स्कैच भेंट करते हुए विद्यार्थी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

विद्यार्थियों ने अपनी कला प्रतिभा से डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल को प्रभावित करते हुए उनका सुंदर हस्तनिर्मित स्कैच भेंट किया। यह स्कैच शहीद रमेश कुमार मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों संजू और दिव्यांश द्वारा तैयार किया गया था। दोनों विद्यार्थी अपने फाइन आर्ट पीजीटी अध्यापिका ज्योति के साथ डीसी कार्यालय पहुंचे और औपचारिक रूप से स्कैच भेंट किया। डीसी ने विद्यार्थियों के इस प्रयास की प्रशंसा करते हुए कहा कि जिले के युवा कला, शिक्षा और नवाचार के क्षेत्र में लगातार अपनी क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने संजू और दिव्यांश को उनकी रचनात्मकता, मेहनत और बारीकी से किए गए कार्य के लिए बधाई दी।

# डांस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी हुए पुरस्कृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

दादा लख्मीचंद विश्वविद्यालय रोहतक में 29 नवंबर को आयोजित सोलो व ग्रुप डांस प्रतियोगिता में संस्कारम इंटरनेशनल स्कूल पाटौदा के विद्यार्थियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। प्रतियोगिता में तीसरी से पांचवीं तक के विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल का गौरव बढ़ाया। इस उपलब्धि पर संस्कारम समूह के चेयरमैन डॉ. महिपाल ने प्रतिभागियों से कहा कि नृत्य न केवल मनोरंजन का साधन है बल्कि इससे शारीरिक और मानसिक विकास भी होता है। नृत्य एक कला के



झज्जर। होनहार विद्यार्थियों के साथ संस्कारम ग्रुप के चेयरमैन डॉ. महिपाल। फोटो : हरिभूमि

साथ-साथ आत्मा की अभिव्यक्ति भी है। उन्होंने सभी विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

## डीसी ने सामाजिक संस्थाओं व नागरिकों का जताया आभार

**झज्जर।** तीन दिवसीय गीता महोत्सव का आयोजन इस वर्ष भी भव्यता, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक विविधता के साथ सम्पन्न हुआ। पूरे जिले में तीन दिनों तक अध्यात्म, संस्कृति, ज्ञान और सामाजिक सहयोग का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने महोत्सव के सफल आयोजन पर सभी विभागों सामाजिक संस्थाओं, स्कूल-कॉलेजों और आयोजन में सहयोग देने वाले नागरिकों का आभार व्यक्त किया और विभागों की प्रशंसा की। उन्होंने सभी सहयोगी संस्थाओं और नागरिकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सहयोग, अनुशासन, समर्पण और सहभागिता के कारण गीता महोत्सव जिले की पहचान और गौरव का प्रतीक बन चुका है।



रविंद्र पाटिल
डीसी झज्जर



बेरी। बैठक के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एसडीएम रेणुका नांदल। फोटो : हरिभूमि

## उर्वरकों के संतुलित उपयोग को लेकर किसानों को जागरूक करें अधिकारी : एसडीएम

**बेरी।** उर्वरकों के संतुलित एवं विवेकपूर्ण उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित धरती माता बचाओ अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तथा अभियान के सक्रिय संचालन एवं निगरानी के लिए मंगलवार को एसडीएम रेणुका नांदल की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। एसडीएम ने कृषि विभाग के अधिकारियों को वे उर्वरकों के समुचित वितरण को लेकर प्रभावी कदम उठाए और किसानों को खादों का जरूरत अनुसार उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। इससे अंधाधुंध उर्वरकों के उपयोग पर रोक लगेगी। इसके लिए संबंधित विभागों के अधिकारी आपसी तालमेल के साथ गांव में किसानों को जागरूक करना सुनिश्चित करें। वहीं खंड कृषि अधिकारी डॉक्टर अशोक रोहिल्ला ने बताया कि उपमंडल में धरती माता बचाओ अभियान के बेहतर क्रियान्वयन को लेकर रोडमैप तैयार किया गया है। जिसके तहत ग्राम स्तरीय समितियां सभी गांवों में ग्राम सभा आयोजित कर किसानों को खाद के संतुलित एवं मृदा स्वास्थ्य कार्ड आधार पर प्रयोग बारे किसानों को जागरूक करेगी।



झज्जर। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

# भंडारे में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद किया ग्रहण

- महंत धर्मराज गिरी की स्मृति में आयोजित हुआ भंडारा
- साधु-संतों ने श्रद्धालुओं को मोक्षदा एकादशी के महत्व के बारे विस्तार से जानकारी दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

नगर खेड़ा बाबा प्रसाद गिरी महाराज मंदिर के ब्रह्मलीन महंत धर्मराज गिरी निष्काम की स्मृति एवं मोक्षदा एकादशी पर आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम मंगलवार को संपन्न हो गया। सुर्खपुर रोड स्थित बाबा प्रसाद गिरी आश्रम ठाकुर द्वारा में सोमवार से शुरू हुए इस कार्यक्रम के पहले दिन जहां मंदिर महंत परमानंद गिरी के सानिध्य में प्रातः नौ बजे श्री रामचरितमानस का अखंड पाठ का आयोजन किया गया वहीं दोपहर दो बजे से सायं पांच बजे तक आयोजित सत्संग में श्रद्धालुओं को प्रवचनों के माध्यम से आदर्श जीवन जीने की सीख दी गई। इस दौरान साधु-संतों द्वारा श्रद्धालुओं को मोक्षदा एकादशी के महत्व बारे भी विस्तार से जानकारी दी। महंत परमानंद गिरी महाराज ने बताया कि कार्यक्रम के दूसरे ठाकुर द्वारा आश्रम में प्रातः नौ बजे हवन किया गया। हवन में श्रद्धालुओं ने पूर्ण आहुति डालते हुए ब्रह्मलीन महंत धर्मराज गिरी निष्काम जी की समाधि पर माथा टेका। इसके बाद करीब बारह बजे शुरू हुए भंडारे में शहरी क्षेत्र के अलावा निकटवर्ती गांवों से सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने पहुंच कर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर नगर परिषद के चेयरमैन जिले सिंह सैनी, ईओ देवेंद्र सिंह, एडवोकेट पंकज शर्मा, पंडित शंकर वशिष्ठ, आनंद सिंगला, व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष केशव सिंघल, पार्षद जयपाल सिंह बांगड सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### स्टील की थालियों में परोसा गया प्रसाद

महंत परमानंद गिरी ने बताया कि भंडारे के दौरान श्रद्धालुओं को स्टील की थालियों में प्रसाद परोसा गया। ऐसे में लोगों को सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करने के लिए के लिए जागरूक किया गया। उन्होंने बताया कि उनके यहां बीते कई आयोजनों में स्टील की थालियों का उपयोग किया जा रहा है।

## वीवीएम स्टेट कैंप में एचडी स्कूल के 141 विद्यार्थियों का चयन



झज्जर। वीवीएम स्टेट कैंप में चयनित विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**झज्जर।** विद्यार्थी विज्ञान मंथन परीक्षा में एचडी साल्हावास के 141 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की है। उनका चयन स्टेट कैंप के लिए हुआ है। एचडी ग्रुप डायरेक्टर रमेश गुलिया ने बताया कि इस परीक्षा में प्रदेशभर से 217 विद्यार्थी क्वालिफाई हुए हैं जिनमें से 141 विद्यार्थी एचडी स्कूल से हैं जो गर्व की बात है। उनके स्कूल से छठी कक्षा से 18, सातवीं से 25, आठवीं से 22, नौवी से 28, दसवीं से 21 और ग्यारहवीं से 27 विद्यार्थियों ने क्वालिफाई किया है। इस उपलब्धि पर एचडी प्रबंधन समिति से रमेश गुलिया, विशाल नेहरा व हेमंत गुलिया ने सभी चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## पुलिस ने छात्राओं को किया जागरूक

**बहादुरगढ़।** झज्जर पुलिस महिला सुरक्षा के प्रति निरंतर जागरूकता अभियान चला रही है। इसी क्रम में महिला थाना प्रबंधक और दुर्गा शक्ति टीम द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बहादुरगढ़ में छात्राओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को महिला विरोधी अपराध, बाल विवाह, नशा मुक्ति, साइबर क्राइम, छेड़छाड़, घरेलू हिंसा और अन्य उत्पीड़न के कानूनों व सुरक्षा उपायों के बारे में जानकारी दी गई। उप निरीक्षक नीलम ने बाल विवाह के दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को कानूनी प्रावधान और रोकथाम के उपाय समझाए। कार्यक्रम में डायल 112 की उपयोगिता पर भी विशेष जोर दिया गया। बताया गया कि किसी भी आपात स्थिति—चाहे वह छेड़छाड़, दुर्घटना, घरेलू हिंसा या अन्य खतरा हो तो इस नंबर पर कॉल कर तुरंत मदद ली जा सकती है। नशे के सामाजिक और स्वास्थ्य संबंधी हानियों के बारे में छात्राओं को जानकारी दी गई।



## वीवीएम लेवल-टू में संस्कारम स्कूल के दस विद्यार्थी क्वालिफाई



झज्जर। शिक्षकों के साथ उपस्थित वीवीएम परीक्षा के सफल विद्यार्थी।

**झज्जर।** संस्कारम पब्लिक स्कूल खातीवास के दस विद्यार्थियों ने विद्यार्थी विज्ञान मंथन लेवल-टू की परीक्षा क्वालिफाई कर संस्थान का नाम रोशन किया है। सफलता पाने वाले विद्यार्थियों में सातवीं कक्षा से निशांत, मयंक, दीपित, मानसी, ईशान शर्मा व तनिष्का, आठवीं कक्षा से अंश, ऋषभ व प्रतीक तथा ग्यारहवीं कक्षा से रिया शामिल हैं। इस उपलब्धि पर संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. महिपाल ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम, विज्ञान के प्रति जुनून और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है। विश्वास जताया कि चयनित विद्यार्थी आगे चलकर देश के वैज्ञानिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# बाल विवाह मुक्त जिला बनाने का संदेश दिया

## लोगों ने कैंडल मार्च निकालकर





झज्जर। बेरी में कैंडल मार्च निकालते हुए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, महिला एवं बाल विकास विभाग, संरक्षण एवं बाल विवाह निषेध अधिकारी तथा एमडीडी ऑफ इंडिया संस्था द्वारा क्षेत्र के कस्बा बेरी में कैंडल मार्च निकालकर लोगों को बाल विवाह मुक्त जिला बनाने का संदेश दिया गया। एमडीडी ऑफ इंडिया से जिला समन्वयक मनोज कुमार ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को बाल विवाह से उत्पन्न होने वाले दुष्परिणामों से अवगत करवाया। उन्होंने कहा कि बाल विवाह के चलते बालिकाओं का शारीरिक, मानसिक, आर्थिक व भावनात्मक विकास नहीं हो पाता। इससे वे विकास रूपी दौड़ में भी पिछड़ जाती हैं। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुरेश कुमारी ने उपस्थित महिलाओं को बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 बारे विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुनीता, सुशीला, मूर्ति, कुसुम सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

*श्रीराम मंदिर में मोक्षदा एकादशी पर भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन*

# राधा ढूंढ़ रही किसी ने मेरा श्याम देखा..

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

श्रीराम मंदिर में मोक्षदा एकादशी पर भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राधेश्याम भाटिया, जगदीश कटारिया, ललित गेरा, सतीश कटारिया, सुनील गेरा, प्रवीण सुखीजा, विनोद मदान, चिंटू सक्सेना, नंदू वर्मा, संजय मक्कड़, सुरेंद्र बुद्धिराजा सहित अन्य गायक कलाकारों ने भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में राधे श्याम भाटिया ने सबके संकट दूर करेगी, वो बरसाने वाली बजाओ राधा नाम की ताली..जगदीश कटारिया ने जिस घर मे खाटू वाले की तस्वीर लगाई जाती है..संजय मक्कड़ ने देना हो तो दीजिए जन्म-जन्म का साथ, मेरे जीवन में अब कर दे तू कृपा की बरसात..सतीश कटारिया ने करू वंदना तुम्हारी मां शारदे..प्रवीण सुखीजा ने राधा ढूंढ रही किसी ने मेरा श्याम देखा..ललित गेरा ने नाम मेरी राधा रानी का जिस जिस ने गाया बांके बिहारी ने उसे अपना बनाया है..सुनील गेरा ने तू खाटू बुलाता रहे, और मैं आता रहूं..आदि भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। वहीं पंडित पवन शर्मा ने मोक्षदा एकादशी की कथा भक्तों को सुनाई और कहा कि मोक्षदा एकादशी का धार्मिक महत्व है। एकादशी भक्ति, कर्म व ज्ञान का संदेश देती है।



झज्जर। श्रीराम मंदिर में भजनों की प्रस्तुति देते हुए गायक कलाकार।

### मौके पर ये मौजूद रहे

इस अवसर पर संतलाल बुद्धिराजा, राम अवतार गेरा, प्रवीण सुखीजा, भूषण चुघ, अश्वनी अरोड़ा, कृष्ण रोहिल्ला, जगदीश चौपड़ा, रवि गेरा, शशी कटारिया, सरोज नागपाल, कंचन कटारिया, राधिका गंभीरिया, मोना धींगड़ा, सोनिया गेरा, किरण धींगड़ा, आशा शर्मा, राजवंती बुद्धिराजा, झलक कटारिया, ममता कटारिया सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



झज्जर। बिजली निगम कार्यालय परिसर में आयोजित भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते हुए श्रद्धालु। फोटो : हरिभूमि

## बिजली निगम कार्यालय में आयोजित भंडारे में सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

**झज्जर।** स्थानीय बिजली निगम कार्यालय परिसर में मंगलवार को हनुमान जी के दसवें विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बिजली निगम कर्मचारियों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रातः नौ बजे हवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। हवन में बिजली निगम के एसई जसबीर व एसडीओ सिटी सुरेश गुर्जर ने मुख्य रूप से शिरकत की। उन्होंने निगम कर्मचारियों के साथ हवन में आहुति डाली। इसके बाद कंजक पूजन के साथ भंडारे की शुरूआत की गई। भंडारे में शहरी क्षेत्र के अलावा निकटवर्ती गांवों से सैंकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

**सूचना**

मैं, विजयपाल पुत्र श्री सूरत सिंह निवासी गांव निमाना तहसील बादली, जिला झज्जर, हरियाणा बयान करता हूं कि मेरा पुत्र देव कुमार गुलिया मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## खबर संक्षेप

### डीघल गांव में लीगल सर्विस कैंप छह दिसंबर को

**झज्जर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा डीघल गांव में आगामी छह दिसंबर को लीगल सर्विस कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी विशाल ने बताया कि कैंप में परिवार पहचान पत्र से संबंधित मामले सुने जाएंगे। कैंप में संबंधित समस्याओं को सुना जाएगा व मौके पर ही निपटारा किया जाएगा। इसके अलावा बिजली-पानी, राजस्व विभाग, कृषि एवं किसान कल्याण विभाग, समाज कल्याण, रोजगार, शिक्षा, फूड एंड सप्लाई आदि करीब 20 विभागों से जुड़े विषयों पर सुनवाई की जाएगी।

### रेडक्रॉस में पांच दिसंबर को लगेगा कैंप

**झज्जर।** भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा देशभर में चलाए जा रहे अनक्लेम्ड डिपॉजिट अवेयरनेस अभियान के अंतर्गत जिला में भी लोगों को जागरूक करने के लिए आगामी पांच दिसंबर को रेडक्रॉस भवन में विशेष शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में उन खातों की जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। जिनमें जमा धनराशि दस वर्षों से अधिक समय से निष्क्रिय पड़ी है और जिसे खाता धारक या उनके परिवार के सदस्य अब भी दावा कर सकते हैं। एलडीएम विजय सिंह ने बताया कि देशभर में बैंकों द्वारा ऐसे खातों में जमा राशि को वापस दिलाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है, ताकि नागरिक अपनी पूंजी का पुनः लाभ उठा सकें।

### जिलाधीश ने परीक्षा केंद्रों पर लागू की धारा 163

**झज्जर।** जिलाधीश स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने एमडीयू रोहतक द्वारा जिले में आयोजित की जाने वाली स्नातक एवं स्नातकोत्तर परीक्षाओं के सुचारु, शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन के उद्देश्य से परीक्षा केंद्रों पर भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 लागू करने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश परीक्षा अवधि के दौरान सुबह साढ़े नौ बजे से दोपहर साढ़े बारह बजे तक तथा दो बजे से सायं पांच बजे तक प्रभावी रहेंगे। जारी आदेशों के अनुसार, परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में आग्नेयास्त्र, तलवार, गंडासी, लाठी, बरखा, कुल्हाड़ी, जेली, चाकू या अन्य किसी भी प्रकार के हथियार लेकर जाना प्रतिबंधित रहेगा। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के क्षेत्र में फोटोकॉपी, जेरॉक्स, फैक्स इत्यादि की दुकानें संचालित करने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

### एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन

# निशांत व हिमांशी को मिला बेस्ट एथलीट का खिताब

*प्रतियोगिताओं में सीनियर वर्ग के लड़कों की 800 मीटर रेस व जैवलिन थ्रो में कटरसी हाऊस से नवीन ने पहला स्थान हासिल किया। डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में लड़कों में मंदीप व लड़कियों में मनीषा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एलए सीनियर सैकेंडरी स्कूल में दो दिवसीय खेल कूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस 30वीं वार्षिक इंटर-हाऊस प्रतियोगिता के समापन पर पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी राजेश खन्ना ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करते हुए दूसरे दिन की शुरूआत की। इस दौरान स्कूल संचालक जगपाल गुलिया, जयदेव दहिया, अनिता गुलिया, नीलम दहिया, योजित गुलिया, जयदेव दहिया, प्रबंधक केएम डागर व प्राचार्या निधि कादियान द्वारा उनका स्वागत किया गया। इसके बाद शुरू हुई प्रतियोगिताओं में सीनियर वर्ग के लड़कों की 800 मीटर रेस व जैवलिन थ्रो में कटरसी हाऊस से नवीन ने पहला स्थान हासिल किया। डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता में लड़कों में मंदीप व लड़कियों में मनीषा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार हर्डल रेस में निशांत व एंजल पहले स्थान पर रहे। रिले रेस में लॉयल्टी हाऊस, लांग जंप में अंकिता, लड़कों की 400 मीटर रिले रेस में पीस हाऊस, लड़कियों की इसी स्पर्धा में लॉयल्टी हाऊस को पहला स्थान मिला। 100 मीटर सब जूनियर रेस में लॉयल्टी हाऊस से लक्ष्य व रिया प्रथम रहे। 1500 मीटर रेस में करेज हाऊस के रोहित, शॉट-पुट में करेज हाऊस के ध्रुव ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को मुख्यातिथि द्वारा मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया।

पीस हाऊस को मिली ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी : इस सत्र की ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी पीस हाऊस के नाम रही। इस हाऊस के खिलाड़ियों ने सबसे अधिक प्वाइंट लेकर यह खिताब हासिल किया। पुरुष वर्ग में निशांत व महिला वर्ग में हिमांशी को बेस्ट एथलीट का खिताब दिया गया। इस मौके पर एचओडी रविंद्र लोहचब, पिंकी अहलावत, पुष्पा यादव, सपना अहलावत, भूगोल प्राध्यापक मुकेश शर्मा, प्रियंका यादव, कला अध्यापिका रितिका, अमित लोहचब, विशाल कुमार, महेंद्र सैनी, संजीत सांगवान सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



**झज्जर।** शिक्षकों व विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता खिलाड़ियों के साथ उपस्थित मुख्यातिथि राजेश कुमार।

### दो दिवसीय खेल स्पर्धाओं में खिलाड़ियों ने दिखाया दम

**झज्जर।** इंडो अमेरिकन स्कूल में आयोजित दो दिवसीय वार्षिक खेल समारोह मंगलवार को संपन्न हो गया। समापन अवसर पर हरियाणा बॉक्सिंग एसोसिएशन के प्रेजिडेंट मेजर सत्यपाल सिंधु ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए खेल को खेल भावना के साथ खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के अलावा खेलों में भाग लेकर भी करियर बनाया जा सकता है। इस दौरान कैप्टन प्रवीर व एडवोकेट सोमबीर अहलावत ने भी खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया। दूसरे दिन आयोजित प्रतियोगिताओं के परिणामों में वॉलीबॉल स्पर्धा में यूनिटी हाऊस ने शानदार जीत दर्ज कराई। नौवीं से दसवीं तक की कबड्डी स्पर्धा में दसवीं कक्षा की टीम, ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा के खिलाड़ियों के बीच हुए कबड्डी मैच में ग्यारहवीं कक्षा की टीम विजेता रही। इसी प्रकार लड़कियों की खो-खो प्रतियोगिता में दसवीं कक्षा की टीम तथा ग्यारहवीं व बारहवीं कक्षा के बीच हुई इसी स्पर्धा में ग्यारहवीं कक्षा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। टग ऑफ वार में छठी कक्षा की लड़कियों की टीम ने दमदार प्रदर्शन कर पहला पुरस्कार जीता। रिले रेस में नौवीं कक्षा की लड़कियां विजेता रहीं। मुख्यातिथि मेजर सत्यपाल सिंधु ने सभी विजेता प्रतिभागियों को मेडल पहना कर व ट्रॉफी प्रदार करते हुए सम्मानित किया। स्कूल निदेशक बिजेंद्र कादियान ने समारोह में पहुंचे सभी अतिथियों का आभार जताते हुए उन्हें स्मृति देकर सम्मानित किया।


**झज्जर।** दौड़ प्रतियोगिता में अपनी जीत दर्ज कराते हुए प्रतिभागी खिलाड़ी।

### यूनिवर्सिटी गेम्स में पहलवान रोहित ने गोल्ड तो अंकित ने सिलवर मेडल जीता

**बहादुरगढ़।** राजस्थान के भरतपुर में आयोजित खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में मांडोठी स्थित हिंद केसरी सोनू अखाड़े के पहलवान छाए रहे। शानदार प्रदर्शन करते हुए अखाड़े के रोहित दलाल और अंकित दलाल ने कुश्ती में दो मेडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। विजेता पहलवानों का अखाड़े में पहुंचने पर जोरदार अभिनंदन किया गया। रोहित दलाल ने 57 केजी फ्री स्टाइल में गोल्ड जीता है तो वहीं अंकित दलाल ने 82 केजी ग्रीको रोमन में सिलवर मेडल पर कब्जा जमाया। दोनों ही खिलाड़ी बेहद होनहार हैं। रोहित गांव आसौदा से तो अंकित मांडोठी से है। मांडोठी स्थित हिंद केसरी सोनू अखाड़े में कॉमनवेल्थ चैंपियनश धर्मेंद्र दलाल के मार्गदर्शन में अभ्यास करते हैं। रोहित इससे पहले वर्ल्ड कैडेट तथा एशिया कैडेट चैंपियनशिप सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं में मेडल जीत चुका है। वहीं अंकित अंडर 23 वर्ल्ड चैंपियनशिप में देश का प्रतिनिधित्व कर चुका है और विभिन्न प्रतियोगिताओं में मेडल जीते हैं। अखाड़ा संचालक सोनू पहलवान, कॉमनवेल्थ चैंपियन धर्मेंद्र दलाल, अर्जुन अवॉर्डी कोच ओमबीर सिंह सहित अन्य कोचों व साथी पहलवानों ने विजेता पहलवानों का अभिनंदन किया।


**बहादुरगढ़।** अपने कोचों के साथ पदक विजेता पहलवान।

### मुए थाई स्टेट चैंपियनशिप में सिद्धार्थ ने जीता गोल्ड

**बहादुरगढ़।** मुए थाई स्पोर्ट्स एसोसिएशन हरियाणा द्वारा एसडी जगदीश सीनियर सेकेंडरी स्कूल भिवानी में आयोजित स्टेट चैंपियनशिप में सांखोल का सिद्धार्थ कलसन छाया रहा। शानदार प्रदर्शन करते हुए सिद्धार्थ कलसन ने 12 वर्ष आयु वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर इलाके का नाम रोशन किया है। सिद्धार्थ ने प्रतियोगिता के दौरान अपने वर्ग के तीन प्रतिद्वंद्वियों को शानदार तरीके से पछाड़ते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया। सिद्धार्थ कबाड़ी मार्केट स्थित हरियाणा फाइट एकेडमी में कोच सन्नी के मार्गदर्शन में अभ्यास करता है। टीम के साथ बहादुरगढ़ लौटते ही कोच सन्नी सहरावत ने बताया कि सिद्धार्थ ने मेहनत, अनुशासन और मजबूत तकनीक की बदौलत यह जीत हासिल की है। सिद्धार्थ के पिता राजेश कलसन ने बेटे की इस उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि यह न सिर्फ परिवार बल्कि पूरे गांव सांखोल के लिए खुशी की बात है। उन्होंने बताया कि सिद्धार्थ अब नेशनल चैंपियनशिप की तैयारी में जुट गया है और उसका लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर पर भी स्वर्ण पदक जीतना है।


**बहादुरगढ़।** गोल्ड मेडल विजेता सिद्धार्थ कलसन।

## कंप्यूटर क्विज में परी, यशिका ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

श्री स्वामी समर्थ इंटरनेशनल स्कूल में विश्व कंप्यूटर साक्षरता दिवस उत्साह, ऊर्जा और तकनीकी जोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में प्रबंधन द्वारा एक प्रेरणादायक संदेश साझा किया गया।

चेयरमैन अभिषेक छिल्लर ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि कंप्यूटर सिर्फ मशीन नहीं हैं बल्कि यह बेहतर सोचने, स्मार्ट तरीके से काम करने और बड़े सपने पूरे करने का साधन हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को यह भी प्रेरित किया कि वे तकनीक का उपयोग सीखने, रचनात्मकता और नवाचार के लिए करें ताकि भविष्य के अवसरों का लाभ उठा सकें। प्रिंसिपल ने अपने संदेश में बताया कि आज के समय में डिजिटल साक्षरता हर विद्यार्थी के लिए आवश्यक कौशल है। इस उपलक्ष्य में स्कूल में कंप्यूटर क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ भाग लिया। इसका संचालन कंप्यूटर टीचर ज्योति द्वारा किया गया। क्विज का उद्देश्य बच्चों में कंप्यूटर, इंटरनेट, एआई, सॉफ्टवेयर, हार्डवेयर और डिजिटल दुनिया से जुड़े ज्ञान को बढ़ाना था। कक्षा चौथी में परी, नव्या, कार्तिक व अवि विजेता रहे। कक्षा छठी में याशिका, हिमांशी, देवांक व हर्ष विजेता रहे। कक्षा आठवीं में परी, साक्षी, यश व हार्दिक ने बाजी मारी।


**बहादुरगढ़।** बच्चों को जागरूक करतीं शिक्षिका।

## डिजिटल सुरक्षा व पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

राजकीय महाविद्यालय बादली की एनसीसी इकाई ने राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा दिवस व राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस पर जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया। इन गतिविधियों का उद्देश्य विद्यार्थियों और स्थानीय समुदाय में डिजिटल सुरक्षा तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति समझ बढ़ाना था।

कार्यक्रम की शुरुआत साइबर सुरक्षा जागरूकता सत्र से हुई, जिसमें कैडेट्स ने पोस्टरों के माध्यम से ऑनलाइन धोखाधड़ी, संदिग्ध लिंक, पासवर्ड सुरक्षा, साइबर बुलिंग और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। सतर्क रहें–सुरक्षित रहें थीम पर आधारित प्रदर्शनी को छात्रों और स्टाफ ने विशेष रूप से सराहा। प्रदूषण नियंत्रण दिवस के अवसर पर कैडेट्स ने वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण के दुष्परिणामों पर पोस्टर तैयार किए और पर्यावरण संरक्षण के लिए जागरूकता संदेश दिए। कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक मुक्त परिसर पहल तथा पौधारोपण भी किया गया। इसके अतिरिक्त, कैडेट्स ने रैली निकालकर प्रदूषण नियंत्रण का संदेश जन–जन तक पहुंचाया। एनसीसी ऑफिसर डॉ. मंजीत सिंह ने नेतृत्व करते हुए कहा कि पोस्टर आधारित जागरूकता सरल, प्रभावी और जनसाधारण तक सीधे पहुंचने वाला माध्यम है। कॉलेज के प्राचार्य मेजर आनंद कुमार ने कार्यक्रम को सफल बताते हुए कैडेट्स की सराहना की।



**बहादुरगढ़।** रैली निकालने से पहले कॉलेज में मौजूद कैडेट्स।

### अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर कार्यक्रम आज

**बहादुरगढ़।** आशा किरण व नक्षत्र स्पेशल स्कूल में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस गरिमापूर्ण ढंग से मनाया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय प्रबंधक नवीन देशवाल करेंगे। दिव्यांग विद्यार्थी इस अवसर पर नृत्य, गीत, नाटक और कला प्रदर्शनी जैसे विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। बच्चों की प्रतिभा निखारने और संस्थान की सेवाओं को और मजबूत करने के उद्देश्य से कई प्रमुख आयोजनों की रूपरेखा तैयार की गई है। इस दौरान समावेशी एवं विशेष शिक्षा पर आधारित पुस्तक का विमोचन मुख्य अतिथियों द्वारा किया जाएगा। साथ ही परिसर में ऑटिज्म आश्रम की शुरुआत की जाएगी। आधुनिक तकनीक से लैस स्मार्ट क्लास का उद्घाटन भी कार्यक्रम का हिस्सा होगा। दिवाली मेले में तैयार किए गए दीयों, सजावटी वस्तुओं और हस्तकला सामग्री की बिक्री में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10× 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

## बैठक में स्थापना दिवस रैली की तैयारियों पर किया मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

जननायक जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष व जिला पार्षद संजय दलाल ने झज्जर रोड स्थित पार्टी कार्यालय में हलके के मुख्य पदाधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने बताया कि पार्टी का आठवां स्थापना दिवस सात दिसंबर को जींद जिले के जुलाना में भव्य रूप से मनाया जाएगा, जिसके लिए जिलेभर में तैयारियां तेज़ी से अंतिम चरण में पहुंच चुकी हैं। संजय दलाल ने कहा कि झज्जर जिले के सभी हलकों में लगातार बैठकों का दौर जारी है। इसी क्रम में बहादुरगढ़ हलके की तैयारियों की समीक्षा की गई। उन्होंने दावा किया कि झज्जर जिले से हजारों कार्यकर्ता जुलाना रैली में शामिल होकर स्थापना दिवस को ऐतिहासिक बनाएंगे। बैठक में जिला प्रभारी सुखविन्दर सिंह राठी मुख्य रूप से मौजूद रहे।


**बहादुरगढ़।** बैठक में भाग लेने आए पार्टी के पदाधिकारी।

### ये रहे मौजूद

इस दौरान जिला प्रभारी राजू दलाल, हल्का अध्यक्ष संदीप अहलावत, वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिलबाग सिंह, पूर्व पार्षद प्रवीण राठी, अमर सिंह जसोरखेड़ी, डॉ. अमित दलाल, ललित पांचाल, जोजो नया गांव, उमेद सैन, देवेन्द्र दलाल, रमेश गहलोत, सुदीप लोचब, ओमप्रकाश मलिक, बल्ले मान, जगदेव सिंह राणा, रामेश्वर नाहरा, कृष्ण माजरा आदि उपस्थित रहे।

## प्रदूषण के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बहादुरगढ़

वैश्य आर्य शिक्षण महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय प्रदूषण नियंत्रण दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की वॉलंटियर्स द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई। रैली को प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

रैली के दौरान वॉलंटियर्स महाविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गांव बामड़ोलली में पहुंची, जहां उन्होंने घर–घर जाकर ग्रामीणों को प्रदूषण के बढ़ते स्तर और उसके दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि प्रदूषण बढ़ने से एयर क्वालिटी इंडेक्स लगातार ऊपर जा रहा है, जिससे लोगों के स्वास्थ्य, पर्यावरण और आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। वॉलंटियर्स ने ग्रामीणों से निजी वाहनों का कम उपयोग करने, सार्वजनिक परिवहन अपनाने और पर्यावरण संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभाने की अपील की। प्राचार्या डॉ. आशा शर्मा ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण भावी पीढ़ी के लिए आवश्यक है और इसे सुरक्षित रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। यह कार्यक्रम आउटरीच सेल, इको क्लब और वाईआरसी इकाई के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया।



**बहादुरगढ़।** बामड़ोली में जागरूकता मुहिम चलातीं छात्राएं।

### शिक्षा के कई क्षेत्रों में अग्रणी है और इसमें राजेश कुमार के नेतृत्व की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही

# 33 वर्षों की लंबी व उत्कृष्ट सेवाओं के बाद डीईओ हुए सेवानिवृत्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झज्जर

एक शिक्षक के रूप में सेवा शुरू कर जिला शिक्षा अधिकारी के पद तक पहुंचने वाले राजेश कुमार 33 वर्ष की लंबी और उत्कृष्ट सेवाओं के बाद झज्जर से ही सेवानिवृत्त हुए। सरल, सहज और मिलनसार स्वभाव के लिए जाने जाने वाले राजेश कुमार ने जहां विद्यार्थियों को नई दिशा देने का हर प्रयास किया, वहीं शिक्षा विभाग के कई नवाचारों में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। यही वजह रही कि उन्हें अपने कार्यकाल में कई पुरस्कारों से सम्मानित भी किया गया। सेवानिवृति समारोह में जिले के कई शिक्षा अधिकारी, शिक्षक, राजनीतिक प्रतिनिधि और समाज के मौजिज लोग बड़ी संख्या में पहुंचे। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव औम प्रकाश धनखड़ उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि राजेश कुमार जैसे अधिकारी शिक्षा विभाग की असली पूंजी होते हैं, जिनकी निष्ठा, समर्पण और अनुशासन आने वाली पीढ़ियों के लिए मिसाल बनते हैं। उन्होंने कहा कि झज्जर जिला आज शिक्षा के कई क्षेत्रों में अग्रणी है और इसमें राजेश कुमार के नेतृत्व की महत्त्वपूर्ण भूमिका रही है। मंच पर एसडीएम अंकित चौकसे, जिप चेयरमैन कप्तान बिरधाना, भाजपा जिलाध्यक्ष विकास वाल्मीकि, वरिष्ठ भाजपा नेता आनंद सागर, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी सतवीर सिवाच, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी जंगजीत सिंह साहू, सहोदय के प्रधान रमेश रोहिल्ला, रमेश गुलिया, डीपीसी सुशील भाटिया, डिप्टी डीईओ रितेंद्र सिंह, प्राचार्य राजेंद्र, प्राचार्य बलबीर, अंग्रेजी प्रवक्ता पिंकी जाखड़, अनिल शर्मा, रविंद्र कौशिक सहित काफी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।



**झज्जर।** कार्यक्रम के दौरान स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए प्राचार्य एवं शिक्षक।